महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा
Mahatma Gandhi Antarrashtriya Hindi Vishwavidyalaya
(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997, क्रमांक 3 के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)
*(A Central University established by Parliament by Act No. 3 of 1997)*

# हिंदी विश्वविद्यालय में चलाया प्लास्टिक कचरा मुक्त परिसर अभियान

वर्धा दि. 21 फरवरी 2015:




पर्यावरण के लिए हानीकारक प्लास्टिक को हटाने हेतु महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय में परिसर को प्लास्टिक कचरा मुक्त परिसर बनाने की दिशा में स्वच्छता कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें राष्ट्रीय सेवा योजना के छात्रों सहित विश्वविद्यालय परिवार के सदस्यों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।




कुलपति प्रो. गिरीश्वर मिश्र एवं प्रतिकुलपति प्रो. चित्तरंजन मिश्र के नेतृत्व में चलाए गए इस अभियान का प्रारंभ विश्वविद्यालय के नज़ीर हाट परिसर से किया गया तथा समापन गांधी हिल पर किया गया।




राष्ट्रीय सेवा योजना के संयोजक डॉ. अनवर अहमद सिद्दीकी ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना के माध्यम से सप्ताह में एक दिन श्रमदान एवं स्वच्छता अभियान चलाया जाता है और परिसर की स्वच्छता पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।



उन्होंने अभियान में शामिल सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।